# मरीजों के परिजनों को बैठने की जगह नहीं

## काटजू अस्पताल में सीढ़ियों पर बैठने को हैं मजबूर




**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 12 जुलाई. राजधानी के जाने माने डॉ. कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में इन दिनों इलाज को आ रही महिलाओं के साथ आये परिजनों को अस्पताल प्रशासन से अनैतिक व्यवहार की मार झेलनी पड़ रही है.**

इतना ही नहीं परिजनों को वेटिंग एरिया में रखे बेंच तक पर बैठने की अनुमति नहीं है. अस्पताल परिसर में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिलता है. अस्पताल में पत्नी की डिलेवरी कराने आये एक व्यक्ति ने बताया कि अंदर पुरुषों का जाना मना है. इस कारण बाहर सीढ़ियों पर बैठे हैं. व्यक्ति ने बताया कि मरीज से मिलने एक बार में एक ही व्यक्ति जा सकता है, वो भी महिला. ऐसे में अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कोई भी तैयारी नहीं है कि मरीज की हालत की जानकारी की पति सीधे डॉक्टर से ले पायें. बता दें ये मामला केवल पुरुषों के अंदर प्रवेश तक का नहीं है बल्कि साथ आई महिला या छोटे बच्चे तक को अंदर वेटिंग हॉल में बैठने से ये कहकर रोका जाता है कि यहां बैठना मना हैं.बेंच बैठने के लिये नहीं है. इस विषय पर मौके पर मौजूद नवभारत रिपोर्टर ने गार्ड से कहा कि ये वेटिंग एरिया है, साथ आई महिला तो बैठ सकती है. जिस पर कहा गया कि यहां लोगों को बैठा देख डॉक्टर फटकार लगाते हैं, यहां बैठने की अनुमति नहीं है. इंतजार करने के लिये बाहर बैठिए.

गौरतलब है कि बाहर एमरजेंसी के पास केवल 2 बेंच रखी गयी है. जबकि रोजाना करीब 200 से अधिक मरीज अस्पलात में आते है. ओपीडी की तरफ की भी बैठने की व्यवस्था नहीं है. ऐसे में मजबूरन मरीजों को अस्पताल की सीढ़ियों पर बैठना पड़ता है. एक परिजन ने बताया कि कई बार तो दूरदराज से डिलेवरी को साथ आये परिजन इन सीढियों पर देर रात तक बैठे रहते हैं.



**इनका कहना है**

अस्पताल में महिलाओं की संख्या अधिक होती है, इस कारण पुरुषों की आवाजाही को रोका जाता है. महिला के साथ आई महिला अटेंडर को वेटिंग एरिया में बैठने से मनाही नहीं है. वो इंतजार कर सकती हैं, कई बार परिजनों की संख्या अधिक होती है इसलिये उन्हे बाहर बैठने को कहा जाता है.

**-डॉ. बलराम उपाध्याय, अस्पताल अधीक्षक, काटजू भोपाल**

# एलपीजी वितरकों ने किया आंदोलन का ऐलान

▸ **अधिवेशन में 75 रुपए कमीशन समेत अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा**



**सिटी रिपोर्टर**

**भोपाल , 12 जुलाई.स्थानीय समन्वय भवन में आयोजित एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ( आई ) के राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से आए लगभग 600 प्रतिनिधियों ने सरकार के समक्ष अपनी विभिन्न मांगें रखीं.**

अधिवेशन में वितरक कमीशन में तत्काल 75 रुपये की वृद्धि करने तथा डीनोवो स्टडी की अनुशंसाओं को लागू करने की मांग की गई. प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां वितरकों पर सुरक्षा होज, लाइटर, चूल्हे और अन्य उत्पादों की बिक्री का दबाव बना रही हैं तथा बिना मांग के अतिरिक्त सिलेंडरों की आपूर्ति कर रही हैं. अधिवेशन में पीएनजी को अनिवार्य बनाने संबंधी आदेश वापस लेने, ई-केवाईसी एवं अन्य कार्यों के लिए उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं के बीच किए गए भेदभाव को समाप्त करने की भी मांग उठाई गई.एसोसिएशन ने नए गैस कनेक्शन पुन: प्रारंभ करने और उपभोक्ताओं के साथ कथित रूप से हो रही प्रताड़ना पर रोक लगाने की मांग की है.संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया, तो देशभर के एलपीजी वितरक अक्टूबर 2026 में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे.

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान आज से होगा आरंभ

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 12 जुलाई. प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.**

इसी कड़ी में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है. दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण 13 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है. इसके अंतर्गत जिले के 480 ग्रामों और 15 वार्डों में 6330 पशुपालकों से 112 प्रशिक्षित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों और मैत्री कार्यकर्ताओं द्वारा संपर्क किया जाएगा. पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पशुपालकों के घर पहुंच कर नस्ल सुधार,पशु पोषण, टीकाकरण एवं सेक्स सॉर्टेड सीमेन के बारे में जानकारी देंगे.

अभियान की निगरानी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी, जिला पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी, राज्य स्तरीय जिला नोडल अधिकारी तथा सभी पशु चिकित्सकों द्वारा की जाएगी.

# राशि जारी होने के बाद भी नहीं हुआ खतरनाक चौराहों का सुधार

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 12 जुलाई. राजधानी में यातायात दुर्घटनाओं को रोकने के लिए खतरनाक चौराहों का पर अभी तक कार्य नहीं किया जा सका है.**

गत वर्ष कार्य को लेकर शहर के सभी चौराहों का निरीक्षण कर इन खतरनाक चौराहों को चिन्हित किया गया था. ट्रैफिक पुलिस के सर्वे के बाद शहर के 8 मुख्य चौराहों के लेफ्ट टर्न सुधारने के लिए शासन द्वारा 7 करोड़ 73 लाख 62 हजार रुपए की राशि जारी की गई है. लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा इन चौराहों पर काम ही शुरू नहीं किया गया, नतीजतन इन सभी चौराहों पर बाएं मुड़ने वाले लोगों को भी ट्रैफिक जाम या रेड लाइट की स्थिति में रुकना पड़ता है. यह जानकारी ट्रैफिक पुलिस द्वारा गत दिनों भोपाल में आयोजित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के दौरान सांसद आलोक शर्मा और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को दी गई. ट्रैफिक पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इन आठ मुख्य चौराहों में से केवल नेहरू नगर चौराहे का एक टर्न ही क्लियर किया जा चुका है, जबकि तीन अन्य टर्न पर काम होना बाकी है.

# परमार डेयरी एंड स्वीट्स पर मारा छापा

▸ **मिलीं अनिमितताएं, लिए सेंपल**



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 12 जुलाई. राजधानी में खाद्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थो के निर्माण के दौरान मिलावट और बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में दूसरे दिन रविवार को भी शहर में कई खाद्य संस्थानों पर छोपमारी की कार्रवाई की.**

खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले ने 11 नंबर पर संचालित परमार डेयरी पर छापा मारा. दही और बेसन के सैंपल लिए. छापेमार कार्रवाई के दौरान परमार डेयरी एंड स्वीट्स पर मिलावट और अनियमितताएं मिली हैं. इसे देखते हुए संचालक को कारण बताओ नोटिस दिया है. अगर व्यवस्थाएं नहीं सुधारी गई तो डेयरी का फूड लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई की जाएगी. खाद्य अधिकारियों ने बताया कि मिलावट करने वालों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई निरंतर चलेगी.

## मुक्तिधाम में पौधरोपण के लिए सफाई अभियान

**बेगमगंज.** क्षेत्र को हरियालीयुक्त बनाकर पर्यावरण में सहभागी बनने के उद्देश्य से सियावास मानव सेवा समिति एवं सहयोगी मित्रमण्डली द्वारा 26 जुलाई को मुक्तिधाम में वृहद पौधरोपण किए जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया है, जिसको लेकर सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के सामने मुक्तिधाम प्रांगण में विशेष सफाई अभियान चलाया गया. इसी को लेकर रविवार को समिति के अध्यक्ष संतोष कण्ड्या, महामंत्री प्रदीप सोनी शून्य, रमेश भार्गव, राजकुमार सोलंकी, दशरथ सिंह, रामगोपाल नेमा, देवनारायण शर्मा, डॉ. शरद शर्मा, मनोज पाठक, राजेश साहू इत्यादि ने मुक्तिधाम प्रांगण में सफाई की.

# हर रविवार को थानों में होगा योग, फिर कामों की समीक्षा

## पुलिस महानिरीक्षक की अभिनव पहल, 'हर रविवार-थाना परिवार' का शुभारंभ



**सिटी रिपोर्टर**

**भोपाल, 12 जुलाई. पुलिस महानिरीक्षक भोपाल देहात रुचिवर्धन मिश्रा की पहल 'हर रविवार-थाना परिवार' के अंतर्गत जिले के समस्त थानों में विशेष स्वास्थ्य एवं कार्य-समीक्षा अभियान का शुभारंभ किया गया.**

इस पहल का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हुए स्वस्थ, तनावमुक्त, अनुशासित एवं कार्यकुशल पुलिस बल का निर्माण करना है, जिससे कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके. अभियान में हर रविवार को ध्यान, प्राणायाम और व्यायाम किया जाएगा और पुलिस के कामों की समीक्षा की जाएगी. पुलिस महानिरीक्षक रुचिवर्धन मिश्रा ने थाना ईंटखेड़ी तथा पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) पंकज कुमार पाण्डेय ने थाना सूखी सेवनिया में कार्यक्रम में सहभागिता की.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सोनकर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), बिलखिरिया, अन्तिमा समाधिया ने थाना बिलखिरिया में, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), ईंटखेड़ी, मंजू चौहान ने थाना परवलिया सड़क में तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), बैरसिया, वैशाली कराहलिया ने थाना बैरसिया में उपस्थित होकर अभियान में भाग लिया. स्वास्थ्य एवं फिटनेस गतिविधियों के उपरांत अधिकारियों ने 'हर रविवार-थाना परिवार' अभियान के अंतर्गत थाना कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की.

**अनदेखी** ▸ **डिपो चौराहा, न्यू मार्केट और कोलार रोड पर नियमों का उल्लंघन**

# रोक के बावजूद खुले में बेचा जा रहा है चिकन

**प्रांजुल पाण्डेय**

**भोपाल,12 जुलाई. शहर में खुले में चिकन और मटन की बिक्री पर प्रतिबंध होने के बावजूद नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है. प्रशासन की सख्ती दावों तक सीमित नजर आ रही है, जबकि शहर के कई इलाकों में सड़क किनारे बिना मानकों के मांस की बिक्री जारी है.**

इससे न केवल खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि आम लोगों की सेहत भी खतरे में पड़ रही है. नवभारत की पड़ताल में डिपो चौराहा क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक चिकन की दुकानें खुली मिलीं. कई दुकानों पर मुर्गियों को खुले में रखा गया था, कटा हुआ मांस बिना ढके रखा था और साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब थी.आसपास दुर्गंध फैली हुई थी, जिससे कुछ देर रुकना भी मुश्किल हो रहा था. दुकानदारों से नियमों के पालन और अव्यवस्था के संबंध में बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया.

इसी तरह न्यू मार्केट क्षेत्र में सड़क किनारे खुले में मछली की बिक्री होती मिली. मछलियां बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के रखी थीं और उन पर सड़क की धूल उड़कर पड़ रही थी. एक विक्रेता ने बताया कि वह पिछले करीब 20 वर्षों से इसी तरह दुकान लगा रहा है. वहीं, कोलार रोड के कुछ हिस्सों में भी चिकन और मटन खुले में बेचा जाता मिला. स्थानीय लोगों के अनुसार प्रशासनिक कार्रवाई की आशंका के चलते कुछ दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दी हैं, लेकिन कई स्थानों पर नियमों की अनदेखी जारी है.

**इनका कहना है**

फूड इंस्पेक्टर शिवराज पांवक ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग समय-समय पर शहर में मीट और चिकन की दुकानों का निरीक्षण करता है. जांच के दौरान यदि किसी दुकान पर नियमों का उल्लंघन या अन्य अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाती है. उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए विभाग लगातार निगरानी रख रहा है और शिकायत मिलने पर भी तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है.

नियमों के अनुसार खुले में मांस बेचना, सड़क किनारे लटकाकर रखना, दुकान में जीवित पशु-पक्षियों को रखना या वहीं कटाई करना प्रतिबंधित है. मांस को ढककर या पारदर्शी शीशे के भीतर रखना, फूड लाइसेंस लेना, साफ-सफाई बनाए रखना और केवल अधिकृत वधशाला से मांस लाना अनिवार्य है. इसके बावजूद शहर में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है, जिससे प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

**छपते-छपते**

# सिनर ने जीता विम्बलडन खिताब



**नई दिल्ली. विंबलडन 2026 के पुरुष एकल के फाइनल में इटली के यानिक सिनर ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4 सेट तक चले मुकाबले में 6-7, 7-6, 6-3, 6-4 से हराते हुए खिताब जीता।**

सिनर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद दमदार वापसी की और लगातार दूसरे साल विंबलडन को अपने नाम किया। इसके साथ ही यह सिनर का कुल 5वां ग्रैंड स्लैम है। दूसरी तरफ ज्वेरेव अपने पहले विंबलडन खिताब को जीतने से चूक गए सेंटर कोर्ट में ज्वेरेव और सिनर के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला। ज्वेरेव ने पहले सेट का टाईब्रेक जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन सिनर ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद अगले 2 सेट को सिनर ने जीतते हुए ज्वेरेव के खिलाफ अपना वर्चस्व स्थापित किया। आखिरकार उन्होंने दमदार सर्विस और बेहतरीन रैलियों के दम पर मैच में बाजी मारी।

## नेपाल में बालेन शाह के खिलाफ सड़कों पर उतरे जेन-जी

**काठमांडू.** नेपाल में भूमिहीन झुग्गीवासियों को वैकल्पिक पुनर्वास उपलब्ध कराए बिना हटाने के फैसले के विरोध में रविवार को काठमांडू में सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। संयुक्त राष्ट्रीय भूमिहीन मोर्चा के आह्वान पर आयोजित यह प्रदर्शन सिंहदरबार सचिवालय के सामने स्थित मैतीघर मंडला में हुआ। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से बेदखली की कार्रवाई रोकने और प्रभावित परिवारों के लिए उचित पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने 'गरीबों पर अत्याचार बंद करो', 'मानवाधिकारों का सम्मान करो', 'अवैध गिरफ्तारियां बंद करो' और 'भूमिहीन झुग्गीवासियों को आश्रय दो' जैसे संदेश लिखी तख्तियां हाथों में लेकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पुनर्वास की व्यवस्था किए बिना लोगों को उनके निवास स्थान से हटाना उचित नहीं है। इस बीच, काठमांडू के कीर्तिपुर स्थित एक अस्थायी सरकारी आवास केंद्र में शुक्रवार रात आई बाढ़ के कारण पानी भर गया। इसके बाद सुरक्षाबलों की सहायता से वहां रह रहे करीब 150 भूमिहीन झुग्गीवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

**फैसले पर बवाल**

## आंध्र में कोविड से दो मौतें आठ सक्रिय केस

**नई दिल्ली.** आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले में कोविड-19 के आठ सक्रिय मामले सामने आने और दो संक्रमित मरीजों की इलाज के दौरान मौत होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और एहतियाती उपाय तेज कर दिए हैं। जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी शुरू कर दी है तथा त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैपिड रिस्पॉन्स टीम) को तैनात किया गया है। राज्य सरकार ने भी सभी जिलों को कोविड-19 से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, राजमपेट क्षेत्र के 52 वर्षीय व्यक्ति को बुखार और खांसी की शिकायत के बाद कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी। हालत गंभीर होने पर उसे वेल्लोर के क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। वहीं, कडप्पा के 43 वर्षीय एक अन्य व्यक्ति की भी कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिले के आठ सक्रिय मामलों में कडप्पा मेडिकल कॉलेज का 25 वर्षीय एक मेडिकल छात्र भी शामिल है.

**स्वास्थ्य विभाग अलर्ट**

# अगले साल 15 अगस्त से दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

**नई दिल्ली. देश की पहली हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि बुलेट ट्रेन का पहला चरण 15 अगस्त 2027 से शुरू किया जाएगा।**

शुरुआती संचालन गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच होगा। इसके बाद परियोजना को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाते हुए वापी, अहमदाबाद, ठाणे और अंतत: पूरे मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर तक विस्तारित किया जाएगा। रेल मंत्री के अनुसार, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पूरी परियोजना के संचालन में आने के बाद ट्रेन की अधिकतम गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इस हाई-स्पीड रेल सेवा का उद्देश्य दोनों महानगरों के बीच यात्रा समय को काफी कम करना और आधुनिक रेल परिवहन को बढ़ावा देना है। अश्विनी वैष्णव ने देशभर में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तक 261 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास तेज गति से पूरा किया जा चुका है। उन्होंने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन का उदाहरण देते हुए बताया कि नियमित रेल संचालन जारी रखते हुए स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जो तकनीकी और लॉजिस्टिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण कार्य है।

**320 किमी की रफ्तार का ऐलान**

## बुलंद शहर में छात्रा से गैंगरेप का मामला, दो आरोपियों पर केस

**बुलंदशहर.** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के स्याना क्षेत्र में 14 वर्षीय कक्षा आठ की छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। शिकायत के अनुसार, छात्रा शनिवार सुबह साइकिल से अपने निजी स्कूल जा रही थी। आरोप है कि रोक लिया और कथित रूप से -बाइक सवार दो युवकों ने उसे दार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसे जबरन अपने साथ ल जाने का आरोप लगाया गया ।आरोप है कि दोनों युवकों ने नशीला पदार्थ सुघांकर उसका जबरन अपहरण कर लिया और अपने साथ ले गए। स्याना कोतवाली प्रभारी रामनारायण सिंह ने बताया कि दोनों आरोपित करन पुत्र सोनू और मनीष पुत्र प्रकाश निवासी खाद मोहननगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप के करीबी लिंडसे को मारा?

**नई दिल्ली.** अमेरिकी सांसद और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी लिंडसे ग्राहम की मौत को लेकर के ईरान ने अपनी हिट लिस्ट जारी की है, जिसमें उसने लिंडसे की मौत के पीछे अपना हाथ होने का संकेत दिया है. ईरान की ओर से जो हिट लिस्ट जारी की गई है उसमें लिंडसे ग्राहम के चेहरे पर क्रॉस दिखाया गया है. कहीं ना कहीं यह संदेश देने की कोशिश है कि इस मौत में उसका हाथ हो सकता है. वह पहले से ईरान की हीट लिस्ट में थे. ईरान ने हिट लिस्ट वाले नेताओं की फोटो जारी की है. पहली तस्वीर में लिंडसे यूक्रेन की फैसिलिटी का दौरा करते हुए नजर आ रहे हैं. दूसरी तस्वीर में अली खामेनेई के जनाजे के दौरान लिंडसे ग्राहम की तस्वीर पर टारगेट का साइन दिखाया जा रहा है. अब जो तीसरी तस्वीर सामने आई है इसमें नंबर वन डोनाल्ड ट्रंप नजर आ रहे हैं.

**अगला निशाना अमेरिकी राष्ट्रपति!**


## कार्यालय भू-अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन

दिनांक ...06.2026

### सार्वजनिक सूचना

प्रकरण क्रमांक 0002/अ-82/2026-27 चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नवम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि क्रय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है. अतएव निम्न दर्शित भूमि धारकों से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबंधित विभाग / उपक्रम में पक्ष में कय किये जाने पर विचार किया जा रहा है. यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है. नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा.

-::अनुसूची ::-

भूमि का वर्णन

| स. क्र. | भूमि स्वामी का नाम जाति एवं पता | ग्राम का नाम | अर्जित किये जाने वाले खसरा क्रमांक | कुल रकबा हेक्टे. में | अर्जित रकबा हे. में | प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | देवेन्द्र कुमार पुत्र भागचंद जाति जैन पता बेगमगंज, रायसेन, | खिरिया ता. पापड़ा | 51 (S) में से | 4.459 | 0.390 | कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग रायसेन | टेकापार लघु सिंचाई योजनांतर्गत नहर निर्माण हेतु |
| | | | **किता 01** | **4.459** | **0.390** | | |
| 2. | प्रीतम प्रसाद पुत्र हरप्रसाद जाति लोहार पता बेगमगंज, रायसेन, म.प्र. ग्राम भूमि स्वामी | | 66 (S) में से<br>67/2/1/1 (S) | 3.177<br>0.509 | 0.270<br>0.122 | | |
| | | | **किता 02** | **3.686** | **0.392** | | |
| 3. | अनन्तराम, बेनीप्रसाद पुत्र प्यारेलाल, मेवारानी पुत्री प्यारेलाल, श्यामबाई बेवा प्यारेलाल जाति साहू पता बेगमगंज, रायसेन, म.प्र. ग्राम भूमि स्वामी | | 67/1 (S) | 0.405 | 0.032 | | |
| | | | **किता 01** | **0.405** | **0.032** | | |
| 4. | विमलेश पुत्र प्रकाशचंद जाति साहू पता बेगमगंज, रायसेन, म.प्र. ग्राम भूमि स्वामी | | 67/2/1/2<br>67/2/2 (S) | 0.405<br>0.514 | 0.192<br>0.192 | | |
| | | | **किता 02** | **0.919** | **0.384** | | |
| 5. | रतीराम पुत्र उद्देत जाति साहू पता बेगमगंज, रायसेन, म.प्र. ग्राम भूमि स्वामी | | 59/1 (S), 60<br>57 (S) में से | 2.043<br>2.234 | 0.078<br>0.198 | | |
| | | | **किता 02** | **4.277** | **0.276** | | |
| 6. | दुर्गाप्रसाद पुत्र गिरधारी, जाति गौंड, पता बेगमगंज, रायसेन, म.प्र. ग्राम भूमि स्वामी | | 98/57/1 (S) | 0.704 | 0.165 | | |
| | | | **किता 01** | **0.704** | **0.165** | | |

G15536/26

सक्षम प्राधिकारी, भू-अर्जन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग बेगमगंज, जिला-रायसेन